Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date -                    Class - IV
Subject - Hindi Language          Page - 1
Subject Teachers - Ms. Roma Rani.
Ms. Suman Sharma.

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो ! यह पाठ आपको 5 दिसंबर, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' पढ़ेंगे। इस लिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो! अब मैं आपको 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं, तो मैं आपको 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे एवं समझेंगे।

बच्चो ! माँ और बेटी की इस वार्तालाप को ध्यान से सुनो एवं समझो।

बेटी :- माँ मेरी सखी बहुत मीठा बोलती है। वह अच्छे आचरण वाली है।

माँ :- इसका अर्थ यह हुआ कि वह मृदुभाषी और सदाचारी है।

बेटी :- वह मेरी ऐसी सखी है जिस पर विश्वास किया जा सकता है। ईश्वर उसे लंबी आयु दे।

माँ :- हाँ, वह विश्वसनीय है। वह दीर्घायु हो।

__/__/__

Date-  Class - IV
Subject - Hindi Language  Page - 2
Subject Teachers - Ms. Roma Rani.
Ms. Suman Sharma.

बच्चो ! इस वार्तालाप में आप देख रहे हैं कि कई बार अपनी भावना को व्यक्त करने के लिए पूरा एक वाक्य बोलने के स्थान पर एक ही शब्द पर्याप्त होता है। इससे हमारी भाषा सुगठित और सुंदर बनती है तथा कथन भी प्रभावशाली हो जाता है। जैसे ऊपर वाक्य में मेरी सखी मीठा बोलती है के लिए मेरी सखी मृदुभाषी है, ज्यादा प्रभावशाली लग रहा है।

इस प्रकार :-
अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द अथवा वाक्यांश के लिए एक शब्द कहलाते हैं।

जैसे :-
- राष्ट्र से संबंधित – राष्ट्रीय
- गीत रचने वाला – गीतकार
- जो जल बरसाता हो – जलद

बच्चो ! मैंने आपको 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' के बारे में जो समझाया है, उसके आधार पर मैं आपको कुछ प्रश्न दूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न 1. भाषा को प्रभावशाली बनाने के लिए अनेक शब्दों के स्थान पर किनका प्रयोग किया जाता है ?
प्रश्न 2. 'जो मीठा बोलता है' के लिए एक शब्द लिखें।
प्रश्न 3. 'जलद' शब्द का वाक्यांश लिखें।

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय खतम हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

__/__/__

Date-  Class- IV
Subject- Hindi Language  Page-3
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

उत्तर -1. भाषा को प्रभावशाली बनाने के लिए अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग किया जाता है।
उत्तर -2. मृदुभाषी
उत्तर -3. जो जल बरसाता हो

बच्चो अब मैं आपको अनेक शब्दों के लिए एक शब्द करवाऊँगी जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

| | अनेक शब्द | एक शब्द |
|---|---|---|
| 1. | जो कभी बूढ़ा न हो | अजर |
| 2. | जिसका कोई शत्रु न हो | अजातशत्रु |
| 3. | जो कभी न मरे | अमर |
| 4. | काम से जी चुराने वाला | कामचोर |
| 5. | शहर में रहने वाला | शहरी |
| 6. | जानने की इच्छा रखने वाला | जिज्ञासु |
| 7. | जो देखने योग्य हो | दर्शनीय |
| 8. | जिसका दोष हो | दोषी |
| 9. | महीने में एक बार होने वाला | मासिक |
| 10. | जो बोलता न हो | मूक |
| 11. | शिक्षा देने वाला | शिक्षक |
| 12. | जिसके माता पिता हों | सनाथ |

बच्चो। मैंने आपको 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' करवा दिए हैं। आशा है आपको यह अच्छे से समझ आ गए होंगे। आप इन सभी 12 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।
धन्यवाद!